दिन– सोमवार

दिनांक– 21 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधि– 15 मिनट

---

01. बिहार विधानमंडल का पांच दिवसीय मानसून सत्र आज से हो रहा है शुरू। सत्रहवीं विधानसभा के अंतिम सत्र में कुल पांच बैठकें होंगी।

02. संसद का मानूसन सत्र भी आज से शुरू हो रहा है। केंद्र सरकार ने कहा – ऑपरेशन सिंदूर समेत सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार।

03. पटना में गंगा, सोन, पुनपुन, कररूआ, दरधा और धोबा नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी होने से दियारा क्षेत्र के कई गांव बाढ़ की चपेट में।

04. और, आज सावन की दूसरी सोमवारी है। इस अवसर पर मंदिरों और शिवालयों में भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए भक्तों की उमड़ रही है भीड़।

---

बिहार विधानमंडल का पांच दिवसीय मानसून सत्र आज से शुरू हो रहा है। पच्चीस जुलाई तक चलने वाले इस सत्र के दौरान विधानसभा और विधान परिषद की कुल पांच बैठके होंगी। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से...

–––रिपोर्ट–––

सत्रहवीं विधानसभा के अंतिम सत्र के पहले दिन आज चालू वित्तीय वर्ष का प्रथम अनुपूरक बजट सदन के पटल पर रखा जाएगा, जबकि बाईस और तेईस जुलाई को विधायी कार्य निपटाए जायेंगे। चौबीस जुलाई को अनुपूरक बजट पर वाद–विवाद के बाद मतदान होगा और सत्र के अंतिम दिन गैर सरकारी संकल्प लिये जायेंगे। सत्र के दौरान दस से ज्यादा विधेयकों की पेश होने की संभावना है। इधर, मानसून सत्र के काफी हंगामेदार रहने के आसार हैं। राजद और कांग्रेस समेत महागठबंधन के विभिन्न घटक दल एसआईआर और राज्य में कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति समेत अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में है। वहीं, सरकार की ओर से भी कहा गया है कि हर मुद्दे का बिंदुवार जवाब दिया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि वे प्रत्येक दल से अपेक्षा करते हैं कि सदन में प्रक्रिया के तहत मुद्दों को उठायेंगे। इस बीच, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव और विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सत्र के सुचारू संचालन को लेकर पक्ष और विपक्ष के सदस्यों से सहयोग की अपील की है। धर्मेन्द्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

---

संसद का मॉनसून सत्र भी आज से शुरू हो रहा है। यह सत्र इक्कीस अगस्त तक चलेगा। इस दौरान कुल इक्कीस बैठकें होंगी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह संसद का पहला सत्र है। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

संसदीय कार्यमंत्री किरन रिजिजू ने बताया कि सत्र के दौरान निपटाये जाने वाले महत्वपूर्ण विधायी और अन्य कार्य तय कर लिये गये हैं। संसद सत्र से पहले कल सरकार ने दोनों सदनों की सुचारू कार्यवाही सुनिश्चित करने में सहयोग के लिये सर्वदलीय बैठक बुलाई। लोकसभा और राज्य सभा में विभिन्न दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदन नेताओं ने इस बैठक में भाग लिया। बैठक के बाद श्री रिजिजू ने संवाददाताओं को बताया कि बैठक बहुत ही रचनात्मक रही और सदन नेताओं ने विभिन्न मुद्दों पर अपनी पार्टी का रुख सामने रखा।

---बाइट---

कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने अमरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के दावे, पहलगाम आतंकी हमला और बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण मुद्दे पर सदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वक्तव्य की मांग की।

---बाइट---

---

प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब मात्र चार प्रतिशत गणना प्रपत्र जमा होना शेष है। निर्वाचन आयोग के अनुसार अब तक सात करोड़ पंद्रह लाख बयासी हजार से अधिक मतदाताओं ने गणना फॉर्म जमा करा दिये हैं। यह कुल मतदाताओं का लगभग इक्यानवे प्रतिशत है।

---

केंद्र सरकार की उड़ान योजना के तहत बिहार के छह शहरों से स्प्रिट एयर विमान सेवा की शुरूआत करेगी। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने मधुबनी, सहरसा, मुजफ्फरपुर, मुंगेर, वीरपुर और वाल्मीकिनगर से विमान परिचालन शुरू करने के लिए इस कंपनी को लेटर ऑफ इंटेंट जारी कर दिया है। स्प्रिट एयर पटना के बिहटा और वाराणसी से इन हवाई अड्डों को जोड़ते हुए उड़ानों का संचालन करेगी। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा कि इस परियोजना के शुरू होने से पूरे प्रदेश में आवागमन आसान होगा और इन क्षेत्रों में आर्थिक, सामाजिक और पर्यटन विकास को नई गति मिलेगी।

---

पटना में गंगा, सोन, पुनपुन, कररूआ, दरधा और धोबा नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। गंगा नदी पटना के गांधीघाट और हाथीदह में खतरे के निशान से ऊपर बनी हुई है। वहीं, मनेर में सोन नदी और श्रीपालपुर में पुनपुन नदी का जलस्तर लाल निशान से ऊपर चला गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि नदियों के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी से तटवर्ती क्षेत्रों और निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

गंगा नदी के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी से दियारा के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। पानापुर घाट से कासिमचक, हेतनपुर, गंगहारा, अतलापुर और अकीलपुर समेत कई गांवों में बाढ़ का पानी फैल गया है। बख्तियारपुर के दियारा क्षेत्रों में भी गंगा नदी का पानी फैलने लगा है। इधर, दरधा और धोबा नदी का जलस्तर बढ़ने से दनियांवा और फतुहा प्रखंड के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। दनियांवा–नगरनौसा–बिहारशरीफ एनएच–तीस ए पर महात्माईन नदी का पानी चढ़ जाने से आवागमन प्रभावित हुआ है। दूसरी तरफ, धनरूआ में कररूआ और दरधा नदी का पानी पांच पंचायतों में प्रवेश कर गया है। इधर, जिला प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बचाव और राहत अभियान शुरू कर दिया है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

इधर, बक्सर से हमारे संवाददाता ने बताया कि गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी होने से तटवर्ती इलाकों पर बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। बेगूसराय के बलिया में भी गंगा नदी का पानी लगातार नये इलाकों में फैल रहा है।

———————————————————

प्रदेश में मानसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज गयाजी और नवादा जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, राज्य के उत्तर–पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

———————————————————

आज सावन की दूसरी सोमवारी है। इस अवसर पर मंदिरों और शिवालयों में सुबह से ही भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है। पूरा वातावरण ओम नमः शिवाय के मंत्रोच्चार से गुंजायमान है।

———म्यूजिक———

हमारे संवाददाता ने बताया कि सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ, मुजफ्फरपुर के गरीबनाथ, सोनपुर के हरिहरनाथ, रोहतास के गुप्ताधाम, जहानाबाद के वाणावर, पटना के बैकटपुर धाम, लखीसराय के अशोकधाम, मधेपुरा के सिंहेश्वर स्थान, दरभंगा के कुशेश्वर स्थान, सुपौल के तिलहेश्वर स्थान और सहरसा के मटेश्वरनाथ मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा–अर्चना कर जलाभिषेक

कर रहे हैं। इधर, भागलपुर के सुल्तानगंज में बड़ी संख्या में कांवरिया उत्तरवाहिनी गंगा का जल उठाने के लिये पहुंच रहे हैं। ये कांवड़ियां एक सौ पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

———म्यूजिक——— 10 सें.

———————————————————

शिक्षा विभाग ने विभिन्न कोटि के तीन हजार चार सौ बत्तीस पुरूष शिक्षकों का अंतरजिला तबादला किया है। संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी इन शिक्षकों को स्कूल का आवंटन करेंगे।

———————————————————

बिहार पुलिस में चालक सिपाही के चार हजार तीन सौ इकसठ पदों के लिए आवेदन की प्रक्रिया आज से शुरू हो गयी है। इच्छुक अभ्यर्थी केंद्रीय चयन पर्षद की आधिकारिक वेबसाईट के माध्यम से बीस अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

———————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने सक्षमता परीक्षा की आवेदन तिथि में बाईस अगस्त तक विस्तार किया है। इससे पहले यह तिथि उन्नीस जुलाई तक निर्धारित थी। शिक्षक बिहार बोर्ड की आधिकारिक वेबसाईट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

———————————————————

भागलपुर में आयोजित बिहार राज्य सब–जूनियर शतरंज प्रतियोगिता में भोजपुर की अर्पिता सिंह ने बालिका वर्ग में और नवादा के अंजिष्णु राज ने बालक वर्ग में खिताब अपने नाम किया।

———————————————————

सुपौल के करजाईन थाना क्षेत्र के गोसपुर गांव से स्थानीय पुलिस और ईओयू की टीम ने साइबर ठगी के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से कई आपत्तिजनक सामान भी बरामद किये गये हैं।

———————————————————

पटना के गर्दनीबाग थाना क्षेत्र से पुलिस ने लगभग एक किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

नालंदा जिले के चंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत तीनी–लोदीपुर गांव के पास दो ट्रक के बीच हुई टक्कर में दोनों चालकों की मौत हो गई।

———————————————————

सारण जिले के एकमा थाना क्षेत्र के हंसराजपुर गांव में अपराधियों ने एक व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी।

———————————————————

औरंगाबाद जिले के रफीगंज थाना क्षेत्र से पुलिस और एसटीएफ की टीम ने कुख्यात अपराधी मिथुन कुमार को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————

भोजपुर जिले के रतनपुर गांव में बनास नदी में नहाने के दौरान डूबने से दो युवकों की मौत हो गई।

———————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने संसद और बिहार विधानमंडल के मानूसन सत्र की शुरूआत होने से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** लिखता है – आज से पांच दिनों तक चलने वाले विधानमंडल के मानसून सत्र के हंगामेदार होने के आसार। युवाओं और कामगारों से जुड़े विधेयक होंगे पेश। **प्रभात खबर** ने लिखा है – मानसून सत्र आज से, सरकार बोली हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार। ऑपरेशन सिंदूर, ट्रंप के दावों और बिहार में एसआईआर पर सरकार को घेरने की तैयारी। **दैनिक भास्कर** ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है – डॉक्टरों के पांच हजार सात सौ पचास पद खाली पड़े। राज्य में दो हजार सात सौ मरीज पर एक डॉक्टर। **दैनिक जागरण** ने मद्रास उच्च न्यायालय की टिप्पणी को प्रमुखता देते हुए लिखा है – ईडी कोई ड्रोन या सुपरकॉप नहीं, जो हर चीज की जांच करे। **राष्ट्रीय सहारा** ने लिखा है – निजी वाहनों के लिए वार्षिक फास्टैग पंद्रह अगस्त से। **आज अखबार** लिखता है – पटना में स्कूली बच्चों की परिवहन सुरक्षा के लिए बनेगी बाल परिवहन समिति।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. बिहार विधानमंडल का पांच दिवसीय मानसून सत्र आज से हो रहा है शुरू। सत्रहवीं विधानसभा के अंतिम सत्र में कुल पांच बैठकें होंगी।

02. संसद का मानूसन सत्र भी आज से शुरू हो रहा है। केंद्र सरकार ने कहा – ऑपरेशन सिंदूर समेत सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार।

03. पटना में गंगा, सोन, पुनपुन, कररूआ, दरधा और धोबा नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी होने से दियारा क्षेत्र के कई गांव बाढ़ की चपेट में।

04. और, आज सावन की दूसरी सोमवारी है। इस अवसर पर मंदिरों और शिवालयों में भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए भक्तों की उमड़ रही है भीड़।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।